



## खबर संक्षेप

### जानकी होटल में अवैध शराब पर कार्रवाई

**रायगढ़।** साइबर और सिटी कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने रामलीला मैदान स्थित जानकी होटल में दबिश देकर भारी मात्रा में बीयर और अंग्रेजी शराब जब्त की है। मामले में होटल मैनेजर को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जानकी होटल में अवैध रूप से शराब बिक्री की शिकायत मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई हैं। कार्रवाई के दौरान होटल मैनेजर सुरेन्द्र पटेल काउंटर पर मौजूद मिला। पूछताछ में उसने शराब बिक्री करना स्वीकार किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने काउंटर से विभिन्न ब्रांड की बीयर और अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस ने कुल 13.100 बल्क लीटर शराब, जिसकी कीमत करीब 6,350 रुपए बताई जा रही है, साथ ही बिक्री रकम 500 रुपए जब्त की है। आरोपी सुरेन्द्र पटेल 37 वर्ष, निवासी कटनी मध्यप्रदेश, हाल मुकाम जानकी होटल रायगढ़ के खिलाफ धारा 342 और 59,क आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### शालीमार एक्सप्रेस में एक एसी-3 कोच की सुविधा

**रायगढ़।** यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18030/18029 शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई गई। यह सुविधा शालीमार से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में 16 मई से 22 मई तक उपलब्ध रहेगी। इसी प्रकार एलटीटी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में 18 मई से 24 मई तक उपलब्ध रहेगी।

### जेएसपीएल रेल अंडरब्रिज 3 जून तक बंद रहेगा

**रायगढ़।** रायगढ़-किरोड़ीमलनगर सेक्शनों के मध्य स्थित जेएसपीएल रेलवे अंडरब्रिज को 15 मई से 03 जून तक पूर्णतः बंद कर रोड सरफेसिंग सहित एवं अन्य आवश्यक कार्य करने का निर्णय लिया गया है। इसके फलस्वरूप यह रोड अंडरब्रिज से इस समयावधि तक सड़क आवागमन हेतु पूर्णतः बंद रहेगी। इस अवधि में सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में अप साइड में कलमी एवं डाउन साइड में जेएसपीएल प्लांट रोड का उपयोग किया जा सकता है।

### अस्पताल से चकमा देकर भागा अपराधी

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में अचानक तबियत खराब होनें की बात कहते हुए एक वारंटी पुलिस जवानों को चकमा देकर न्यायालय परिसर से एक वारंटी फरार हो गया। प्रधान आरक्षक की रिपोर्ट के बाद पुलिस आरोपी की पतासाजी में जुट गई है। मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक राजकुमार पैकरा ने घरघोडा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 12 मई की सुबह सवा 11 बजे वह अपने एक अन्य साथी गजेन्द्र पैकरा के साथ वारंटी विश्राम केरकेट्टा 45 साल को लेकर घरघोडा न्यायालय पहुंचे, वारंटी को संबंधित न्यायालय कोर्ट कक्ष में सामने निगरानी में बिठाया गया था। इसी बीच दोपहर करीब 1:45 बजे आरोपी विश्राम केरकेट्टा अचानक तबियत खराब होनें की बात कहते हुए पानी की मांग करने लगा। राजकुमार पैकरा ने बताया है कि जैसे ही वह अपने बैग से पानी बॉटल लेने गया उसी समय आरोपी विश्राम केरकेट्टा न्यायालय परिसर में लोगों की भीडभाड का फायदा उठाते हुए मौके पर मौजूद पुलिस जवानों को चमका देकर फरार हो गया। आसपास के अलावा घरघोडा क्षेत्र में काफी पतासाजी करने के बावजूद आरोपी विश्राम केरकेट्टा का कहीं पता नही चला। बहरहाल प्रधान आरक्षक राजकुमार पैकरा की रिपोर्ट के बाद घरघोड़ा पुलिस आरोपी के खिलाफ धारा 262 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज करते हुए आरोपी की पतासाजी में जुट गई है।

## अधिकारियों ने की जल संरक्षण और सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा

# पीएम कृषि सिंचाई योजना में शामिल है केलो परियोजना, दिल्ली से जायजा लेने पहुंचे सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में केलो परियोजना भी शामिल है। इस योजना में देश भर के करीब 100 परियोजनाओं का शामिल किया गया है। इसमें एक केलो परियोजना भी है। गुरुवार को इस परियोजना का जायजा लेने केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार के सचिव वीएल कांताराव रायगढ़ दौरे पर पहुंचे थे। उनके साथ जलशक्ति मंत्रालय के कमिश्नर प्रवीण कुमार और जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश टोप्पो भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने जिले में जल संरक्षण और सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए केलो परियोजना का स्थल निरीक्षण किया। दौरे के दौरान अधिकारियों ने जिले की सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना केलो बांध पहुंचकर निर्माण कार्यों और प्रगति की जानकारी ली। साथ ही परियोजना को जल्द पूरा कर ज्यादा से ज्यादा किसानों तक सिंचाई सुविधा



केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय के सचिव के साथ जायजा लेते अधिकारी।

पहुंचाने का निर्देश दिया।

इस दौरान केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार के सचिव वीएल कांताराव ने कहा कि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत देशभर में लगभग 100 परियोजनाएं ली गई थीं, जिनमें केलो परियोजना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण और सफल परियोजना है, जिस पर 1000 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की गई है। परियोजना का कुछ कार्य अभी शेष है, जिसके निरीक्षण के लिए वे रायगढ़ पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य शासन ने आश्वस्त किया है कि अगले वर्ष तक परियोजना का पूरा कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। भूजल स्तर में गिरावट को लेकर वीएल कांताराव ने कहा कि भूजल दोहन के मामले में भारत दुनिया में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 60 प्रतिशत भूजल का उपयोग किया जा रहा है, जबकि कुछ क्षेत्रों में यह 100 प्रतिशत तक पहुंच गया है। ऐसे क्षेत्रों को क्रिटिकल और सेमी-क्रिटिकल श्रेणी में रखा गया है। छत्तीसगढ़ के पांच जिलों में भूजल दोहन की स्थिति अधिक गंभीर है। यह काफी चिंता की बात है।

### चल रहा है जल शक्ति जनभागीदारी अभियान

उन्होंने बताया कि जल संरक्षण और भूजल रिचार्ज के लिए केंद्र सरकार जल संचय और जल शक्ति जनभागीदारी जैसे अभियान चला रही है। सभी कलेक्टरों को मनरेगा के तहत अधिक से अधिक जल संरक्षण कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब तक लगभग 10 लाख जल संरक्षण कार्य किए जा चुके हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। राजनांदगांव जिले में जल संचय कार्यों से भूजल स्तर में सुधार दर्ज किया गया है।

### पुराने कार्यों की हो रही है समीक्षा

जल जीवन मिशन को लेकर उन्होंने कहा कि मिशन के तहत कई परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। कुछ परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि कुछ कार्य विभिन्न कारणों से धीमी गति से चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष केंद्र सरकार ने सभी राज्यों के साथ एमओयू साइन किया है, जिसके तहत पुराने कार्यों की चेकलिस्ट के आधार पर समीक्षा की जा रही है। कई राज्यों ने एमओयू साइन कर बजट भी प्राप्त कर लिया है, जिससे अधूरे कार्यों में तेजी आई है। इसी तरह महानदी जल विवाद को लेकर वीएल कांताराव ने कहा कि इस मामले में ट्रिब्यूनल गठित किया गया है और उसके निर्णयों पर लगातार अमल किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि छत्तीसगढ़ और ओडिशा दोनों राज्य मिलकर ऐसा समाधान निकालेंगे जिससे विवाद का स्थायी निराकरण हो सके।

### वनकर्मियों में बढ़ा असंतोष लंबित मांगों को लेकर शुरू किया आंदोलन

**रायगढ़।** वन विभाग के कर्मचारियों ने अपनी लंबित समस्याओं और नियम विरुद्ध तबादलों को लेकर आंदोलन का रास्ता अपना लिया है। छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ, संभाग बिलासपुर के बैनर तले शुरू हुए इस आंदोलन की शुरुआत रायगढ़ वन परिक्षेत्र से हुईए जहां कर्मचारियों और अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। संघ का कहना है कि लंबे समय से कर्मचारियों की समस्याएं लंबित हैं। कई बार विभागीय स्तर पर मांगों को उठाने और समाधान की मांग करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी नाराजगी के चलते कर्मचारियों ने चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। आंदोलन के पहले चरण में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। वहीं आगामी दिनों में आंदोलन को और तेज करने की तैयारी है। संघ के अनुसार 18 मई को बिलासपुर स्थित मुख्य वन संरक्षक कार्यालय के सामने भोजन अवकाश के दौरान सांकेतिक धरना दिया जाएगा। इसके बाद 25 मई को एक दिन का सामूहिक अवकाश लेकर काम बंद किया जाएगा।

# खरसिया की कार दिल्ली से बरामद, डुप्लीकेट चाबी बनाकर मैकेनिक ने की थी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया से चोरी हुई कार को पुलिस ने दिल्ली से बरामद कर लिया है। मामले में एक कार मैकेनिक को गिरफ्तार किया गया हैए जिसने पहले से डुप्लीकेट चाबी बनाकर पूरी प्लानिंग के साथ वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी कार की नंबर प्लेट बदलकर उसे दिल्ली में चला रहा था और डेंट.पेंट कर दूसरे राज्य में बेचने की तैयारी में था।

जानकारी के अनुसार खरसिया पुलिस ने तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले का खुलासा किया। बीते 6 मई को प्रार्थी संदीप कुमार ने खरसिया चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी कार क्रमांक सीजी 04 एम टी 7666 घर के सामने से चोरी हो गई है। शिकायत पर थाना खरसिया में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें वाहन को एक होटल तक जाते देखा गया। होटल में दर्ज दस्तावेज और मोबाइल लोकेशन के तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस





आरोपी मोहम्मद आमिर तक पहुंची, जिसका लोकेशन दिल्ली क्षेत्र में मिला। जांच में यह भी सामने आया कि वाहन मालिक विजय ने नवंबर 2025 में दुर्घटनाग्रस्त कार की मरम्मत दिल्ली के एक मैकेनिक से कराई थी। इसी सुराग पर प्रधान आरक्षक शिव कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम दिल्ली रवाना हुई और तीन दिन की तलाश के बाद आरोपी मोहम्मद आमिर को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने पहले ही कार की डुप्लीकेट चाबी तैयार कर ली थी। वाहन के जीपीएस सिस्टम की जानकारी होने के कारण वह योजनाबद्ध तरीके से खरसिया पहुंचा और कार चोरी कर दिल्ली ले गया। आरोपी ने कार की असली नंबर प्लेट हटाकर दिल्ली नंबर प्लेट लगाई थी। आरोपी की निशानदेही पर दिल्ली के एमसीडी पार्किंग क्षेत्र से करीब 6 लाख रुपए कीमत की चोरी हुई कार बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि वह वाहन को डेंट-पेंट कर दूसरे राज्य में बेचने की योजना बना रहा था। गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद आमिर 39 वर्ष निवासी शाहदरा दिल्ली, हाल मुकाम लोनी गाजियाबाद के खिलाफ वाहन चोरी के साथ धोखाधड़ी की धारा 318 भी जोड़ी गई है। आरोपी को दिल्ली कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर रायगढ़ लाया गया, जहां न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

**2 दर्जन से अधिक शासकीय व अशासकीय शैक्षणिक संस्थानों का रिजल्ट 50 फीसदी से कम**

# कक्षा 10वीं में 59 व 12वीं में 40 बच्चों ने हासिल किए 92 फीसदी से अधिक अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में इस बार कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों के ही विद्यार्थियों ने मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है। जिले में शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 10वीं के 59 और कक्षा 12वीं के 40 विद्यार्थियों ने 92 फीसदी से अधिक अंक हासिल किया है। जबकि दो दर्जन से अधिक शासकीय व अशासकीय शैक्षणिक संस्थानों का परीक्षा परिणाम काफी खराब रहा। जिस पर इन स्कूलों के प्राचार्य और संचालकों को कड़ी फटकार लगाई गई है, साथ ही परीक्षा परिणाम के सुधार करने की सख्त हिदायत दी गई है।

जानकारी के अनुसार कक्षा 12वीं में सबसे अधिक 13 बच्चे रायगढ विकासखंड से, जबकि कक्षा 10वीं में सबसे अधिक 19 बच्चे धरमजयगढ़ विकासखंड से 92 फीसदी से अधिक अंकों से उत्तीर्ण हुए। वहीं कक्षा 12वीं में पुसौर व तमनार विकासखंड से 3-3 बच्चों ने तथा कक्षा 10वीं में लैलूंगा विकासखंड से 3 बच्चों ने 92 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किया है। किंतु कक्षा 12वीं में लैलूंगा विकासखंड से एक भी विद्यार्थी ने इस श्रेणी तक नहीं पहुंच सका। इसमें भी कक्षा 12वीं के 6 बच्चे तथा कक्षा 10वीं में 2 बच्चों ने मेरिट सूची में स्थान बनाने में सफलता प्राप्त की है। यानी इस शैक्षणिक सत्र में कक्षा 12वीं और 10वीं के कुल 8 बच्चो ने मेरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया है। कई स्कूलों में लापरवाही भी सामने आई थी। ज्यादातर स्कूलों में बच्चों की संख्या कम है, ऐसे स्कूलों में इस तरह की उदासीनता की वजह से वहां का परीक्षा परिणाम भी काफी खराब आया। आलम यह है कि कुछ स्कूलों में महज 10 से 30 बच्चे ही अध्ययनरत थे, लेकिन वहां 50 फीसदी से अधिक विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गए। ऐसे में वहां के प्राचार्य और शिक्षकों की लापरवाही साफ तौर पर नजर आती है। जिले में कक्षा 10वीं में करीब आधा दर्जन स्कूल ऐसे हैं जिनका परीक्षा परिणाम 50 फीसदी से कम रहा, इसमें से कुछ ऐसे स्कूल भी हैं जिनका रिजल्ट 30 से 35 फीसदी के बीच रहा। ऐसे में यहां शिक्षा के स्तर का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है, यहां पूरी तरह से बच्चों की पढ़ाई भगवान भरोसे हो चली है।





### फैक्ट फाइल

**कक्षा-12वीं**

| विकासखंड | उत्तीर्ण विद्यार्थी |
| --- | --- |
| खरसिया | 11 |
| घरघोड़ा | 06 |
| धरमजयगढ | 04 |
| रायगढ | 13 |
| पुसौर | 03 |
| तमनार | 03 |
| लैलूंगा | 00 |

**कक्षा-10वीं**

| विकासखंड | उत्तीर्ण विद्यार्थी |
| --- | --- |
| धरमजयगढ़ | 19 |
| पुसौर | 09 |
| घरघोड़ा | 04 |
| तमनार | 06 |
| रायगढ | 13 |
| खरसिया | 05 |
| लैलूंगा | 03 |

### मोटी फीस, मगर पढ़ाई भगवान भरोसे

वहीं दूसरी ओर निजी स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों के अभिभावकों से बेहतर पढ़ाई व परीक्षा परिणाम का दावा करते हुए भारी भरकम फीस लेते हैं, लेकिन बोर्ड परीक्षा के परिणामों ने इस स्कूलों की व्यवस्था की भी हवा निकाल दी है। जानकारी के अनुसार जिले के 14 निजी स्कूल ऐसे हैं, जहां का परीक्षा परिणाम 30 फीसदी ही रहा है। मुख्य बात यह है कि जिन स्कूलों में अभिभावक यह समझ कर अपने बच्चों को दाखिला दिलाते हैं कि वहां उनके बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जाएगी, लेकिन यहां से निकले बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट की वजह से अभिभावकों में भी काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। डीईओ व्हीके राव ने इन स्कूलों के प्राचार्यों और संचालकों की एक बैठक ली थी, जिसमें खराब परीक्षा परिणाम को लेकर कड़ी फटकार लगाई।

### ऑनलाइन सट्टे के मुख्य आरोपी पिंटू ने किया सरेंडर

**रायगढ़।** पुलिस की लगातार दबिश, गिरफ्तारी और तकनीकी जांच के बीच काफी समय से फरार चल रहा ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा नेटवर्क का मुख्य आरोपी पिंटू हलवाई आखिरकार पुलिस के सामने सरेंडर करने पहुंच गया। पुलिस द्वारा जिले में ऑनलाइन सट्टा और जुए के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के बीच फरार आरोपी पिंटू हलवाई पिता कन्हैया लाल हलवाई 43 वर्ष निवासी चांदमारी ने गुरुवार को स्वयं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर आत्मसमर्पण कर दिया। बताया गया कि आरोपी ने पुलिस के सामने अपराध छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की इच्छा जताई। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद रायगढ़ छोड़ उत्तराखंड भाग गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने अपना मोबाइल फोन भी नष्ट कर दिया था, लेकिन लगातार बढ़ते दबाव के चलते आखिरकार उसने सरेंडर करना उचित समझा। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने आरोपी को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि वह दोबारा सट्टा, जुआ या किसी अवैध कारोबार में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जिला बदर जैसी कार्रवाई भी शामिल हो सकती है। इसके बाद आरोपी को थाना कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया।

# तुमीडीह डैम किनारे जंगल में मिली युवती की लाश की हुई शिनाख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तुमीडीह डैम किनारे जंगल में नग्न हालत में मिली युवती की लाश की शिनाख्त हो चुकी है। मृतका की पहचान लैलूंगा ब्लॉक के एक गांव की रहने वाली 31 वर्षीय युवती के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह पेशे से अधिवक्ता है और रायगढ़ जिला न्यायालय में वकालत करती थी। इस मामले में हत्या की आशंका को लेकर पुलिस गंभीरता से जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम तुमीडीह जंगल क्षेत्र में ग्रामीणों ने जंगल किनारे एक युवती का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए शुरुआती जांच में मामला हत्या से जुड़ा हुआ पाया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि युवती का चेहरा पत्थर से बुरी तरह कुचल दिया गया थाए ताकि उसकी पहचान छिपाई जा सके। इसके अलावा गले और गर्दन के पीछे गंभीर चोट के निशान भी मिले हैं। शव की हालत को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद शव को जंगल में फेंका गया। घटना के बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ शुरू की थी। इसी दौरान मृतका की पहचान लैलूंगा क्षेत्र की युवती के रूप में हुई। पहचान की पुष्टि के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। मामले में पुलिस ने हत्या और साक्ष्य छिपाने से संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस तकनीकी साक्ष्य और अन्य सुरागों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किए जाने की बात कही जा रही है। वही युवती के बार में बताया जा रहा है कि वह बीते कुछ सालों से रायगढ़ में ही रह कर जिला न्यायालय में प्रैक्टिस कर रही है और हाल में ही हुए लोक अदालत के बाद वह अपने घर गई थी। सूत्रों से यह भी पता चला है कि युवती के बड़े पिता की लड़की की शादी कुछ दिनों बाद होनी थी, इसीलिए वह पाने घर गई थी।

**पानी में अठखेलियां करते हाथियों का झुंड आया नजर**

# जंगल के भीतर हाथियों के दल पर ड्रोन से निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ वनमंडल में इन दिनों भारी संख्या में हाथियों का दल अलग अलग वन परिक्षेत्रों में विचरण कर रहा है। ऐसे में प्रभावित ग्रामवासियों को सतर्क रहने की हिदायत देते हुए गांव-गांव में मुनादी भी कराई जा रही है। वहीं लोगों को जंगल की ओर नहीं जाने की अपील की जा रही है। हाथी मित्र दल द्वारा ड्रोन से हाथियों पर निगरानी रखी जा रही है। जिसकी तस्वीर भी सोशल मीडिया में वायरल हो रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ वनमंडल के छाल परिक्षेत्र में हाथियों का एक



बड़ा नजर आया है। बताया जा रहा है कि इस दल में 50 से अधिक हाथी हैं, जिसमें 12 नग, 33 मादा और 6 शावक भी मौजूद हैं। यह दल आस पास के क्षेत्रों में लगातार विचरण कर रहा है। हाथी मित्र दल सहित क्षेत्रीय अमला लगातार इस दल पर नजर बनाए हुए है। हाथियों के इस बड़े दल को देखते हुए जहां आसपास गांव के ग्रामीणों में दहशत का माहौल हो गया है। वहीं, वन विभाग एवं हाथी मित्र दल की टीम ने गडाईनबहरी छाल कच्ची मार्ग, कांसाबहर छाल मार्ग पर रात के समय सावधानी पूर्वक आवागमन करने की अपील की गई है। जानकारी के अनुसार बीती रात बुढ़ा देव मंदिर छाल नावापारा मार्ग के मध्य हाथियों के दल को देखा गया है।

जिसे लेकर नावापारा, बांधापाली, छाल, गडाईनबहरी के ग्रामीणों को सावधानी बरतने को कहा गया है।




## खबर संक्षेप

### संबलपुर सेक्शन में ट्रेफिक सह पावर ब्लॉक, कल टिटिलागढ़ पैसेंजर रद्द

**रायगढ़।** पूर्व तटीय रेलवे सम्बलपुर मंडल के बलांगीर.सम्बलपुर सेक्शन में ब्रिज पुनर्निर्माण हेतु रिलीविंग गर्डर डि.लांचिंग कार्य ट्रेफिक सह पावर ब्लॉक लेकर किया जाएगा। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल से संबंधित गाड़ी संख्या 58213/58214 बिलासपुर-टिटिलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर 16 मई को रद्द रहेगी।

### ओएचई तार टूटने से घंटों प्रभावित रही अंबिकापुर-अनूपपुर रेल लाइन

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर-अनूपपुर रेल मार्ग पर टेंगनी और शिवप्रसाद नगर स्टेशन के बीच ओवर हेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) तार टूट जाने से बुधवार को कई घंटों तक रेल यातायात प्रभावित रहा। तकनीकी खराबी के चलते यात्री एवं मालगाड़ियों का संचालन बाधित हो गया, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार रेल लाइन पर लगे ओएचई सिस्टम में विद्युत प्रवाह के लिए उपयोग किए जाने वाले इंसुलेटर के फट जाने से काउंटर वेट नीचे गिर गया। इसके चलते ओवर हेड तार टूट गई और विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली प्रवाह रुकने के कारण इस रूट पर ट्रेनों का संचालन तत्काल रोकना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे का विद्युत अमला टावर कार के साथ मौके पर पहुंचा और युद्धस्तर पर सुधार कार्य शुरू किया । तकनीकी खराबी के कारण दोपहर की मेमू ट्रेन को सूरजपुर स्टेशन में रोकना पड़ा, वहीं शाम की शहडोल–अंबिकापुर एवं अंबिकापुर–शहडोल मेमू ट्रेन को रद्द कर दिया गया। इसका असर अन्य यात्री और मालगाड़ियों के संचालन पर भी पड़ा है। देर शाम मरम्मत कार्य के बाद दिल्ली–अंबिकापुर ट्रेन को अंबिकापुर के लिए रवाना किया गया। रेलवे सूत्रों के अनुसार देर रात तक सुधार कार्य पूरा कर लिए जाने की संभावना है, जिसके बाद इस रूट पर रेल यातायात सामान्य हो जाएगा।

### इण्डस्ट्रियल एरिया में सीटी ब्लास्ट, आधे शहर में अंधेरा

**अम्बिकापुर।** शहर विद्युत संभाग द्वारा टाउन फीडर में मेंटेनेंस के लिए सुबह 10 से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित की गई थी। इस दौरान मनेन्द्रगढ़ मार्ग स्थित इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित पावर ट्रांसफार्मर का सीटी तेज धमाके के साथ उड़ गया साथ ही कई स्थानां का जम्पर बलास्ट हो गया। शाम में हुई इस तकनीकी खामी के कारण विभाग निर्धारित समय शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं कर सका जिसके कारण आधे शहर में अंधेरा छाया रहा। विद्युत उपकरणों में आ रही खराबी एवं भीषण गर्मी के बीच आए दिन विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर शहर विद्युत संभाग द्वारा बुधवार को टाउन फीडर का मेंटेनेंस कराने का निर्णय लिया था। मेंटेनेंस कार्य के लिए विभाग द्वारा एक दिन पूर्व ही टाउन फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित करने की सूचना दी गई थी। मेंटेनेंस के दौरान शाम 5 बजे विद्युतकर्मी इंडस्ट्रीयल एरिया में सुधार कार्य कर रहे थे तभी विद्युत उपकेन्द्र का सीटी ब्लास्ट हो गया साथ ही जगह-जगह के जम्फर भी क्षतिग्रस्त हो गए। विद्युतकर्मी ब्लास्ट हुए सीटी एवं जम्पर को बदलने में देर रात तक व्यस्त रहे। इस विद्युत उपकेन्द्र में आई तकनीकी खराबी के कारण देर रात तक आधा शहर अंधेरे में डूबा रहा। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण लोग गर्मी एवं उमस से परेशान रहे। लोगों को पानी के लिए भी परेशान होना पड़ा। अंधेरा छाने के कारण शहर में चारों तरफ सन्नाटा पसरा रहा।

### पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम

**जशपुरनगर।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025–26 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय ने कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं दोनों कक्षाओं में शानदार शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त किए हैं। कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध किया। योग्यता सिंह ने 96.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शील आदित्य ने 95.8% अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

खुशियों के बीच बना चीख-पुकार का माहौल

# बारातियों से भरा पिकअप वाहन पलटा, 21 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगीचा थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सगाई समारोह में शामिल होने जा रहे बारातियों से भरा एक पिकअप वाहन घोरडेगा के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सड़क पर घायल लोग मदद के लिए तड़पते नजर आए।

स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर घायलों को वाहन से बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक, बाराती मलसेमा गांव से बलरामपुर जिले के दुर्गापुर जा रहे थे। इसी दौरान बगीचा थाना क्षेत्र के घोरडेगा के पास तेज रफ्तार पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कुल 21 लोग घायल हुए हैं। इनमें 3 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**ग्रामीणों ने पिकअप में दबे लोगों को बाहर निकल की मदद**



### अचानक पलटी गाड़ी मच गई अफरा-तफरी

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पिकअप वाहन में क्षमता से ज्यादा लोग सवार थे। घोरडेगा के पास वाहन अचानक अनियंत्रित हुआ और सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई घायल सड़क पर गिर पड़े और बच्चों व महिलाओं की चीखें सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े।

### जांच में जुटी पुलिस

फिलहाल बगीचा पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर हादसे की वजह तेज रफ्तार और वाहन का संतुलन बिगड़ना माना जा रहा है। पुलिस वाहन चालक से भी पूछताछ कर रही है।

### घायलों को किया अंबिकापुर रेफर

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 3 लोगों को बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर किया गया है। वहीं अन्य 18 घायलों का इलाज बगीचा अस्पताल में जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक बाकी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है।

### अस्पताल पहुंचे अधिकारी जाना हालचाल

हादसे की खबर मिलते ही बगीचा एसडीएम प्रदीप राठिया और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिदाम अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात कर हालचाल जाना। अधिकारियों ने डॉक्टरों को घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश भी दिए।

## कोतबा में जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ शिविर में 104 आवेदन प्राप्त हुए

सुशासन तिहार के तहत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर नगर पंचायत कोतबा में आयोजित किया गया। जिसमें कोतबा के जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पत्थलगांव, जिला स्तरीय अधिकारी ब्लॉक लेवल अधिकारी उपस्थित थे। शिविर में जनप्रतिनिधियों और नगर वासियों लगभग 500 लोगों ने नशा मुक्ति अभियान की शपथ ली। शिविर में विभिन्न विभागों के 104 मांग शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए हैं।

कस्तूरा में सामूहिक स्वच्छता श्रमदान ग्राम पंचायत कस्तूरा में आयोजित सुशासन तिहार के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत शिविर स्थल एवं धान मंडी परिसर में सामूहिक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड दुलदुला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सरपंच, सचिव सहित स्वच्छाग्रहियों ने श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। सभी ने मिलकर स्वच्छ एवं स्वस्थ ग्राम निर्माण का संकल्प लेते हुए नियमित साफ-सफाई और जनभागीदारी से गांव को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया।

### चोंगरीबहार में 4 बच्चों का अन्नप्राशन

ग्राम चोंगरीबहार में सुशासन शिविर में महिला बाल विकास विभाग द्वारा 4 बच्चों का अन्नप्राशन और 8 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई करवाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य हीरामती पैंकरा जनपद पंचायत कांसाबेल की अध्यक्ष सरिता भगत जनपद पंचायत कांसाबेल के उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता दिनेश प्रसाद, रवि यादव, सरोज आपट बीडीसी रश्मि चौहान मोतीलाल भगत पूर्व जनपद अध्यक्ष संजय सिंह नंदलाल यादव परशु चक्रेश रामपुकार रवानी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी योगेश भगत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खरीफ विपणन की तैयारियों को लेकर कृषि विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ बीज-उर्वरक की गुणवत्ता और अवैध भंडारण पर निगरानी के दिए निर्देश

जिला पंचायत जशपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने आज आगामी खरीफ सीजन 2026 की तैयारियों को लेकर कृषि विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में उप संचालक कृषि, सहायक संचालक कृषि, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षक उपस्थित रहे।

'बैठक के मुख्य रूप से खरीफ सीजन हेतु बीज, उर्वरक एवं कीटनाशकों की उपलब्धता, गुणवत्ता, नैनो यूरिया उपयोग' और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त आदान उपलब्ध कराने तथा अवैध भंडारण एवं कालाबाजारी पर नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए। खरीफ सीजन से पहले उर्वरक, बीज व कीटनाशकों के सैंपल शीघ्र लेने और गुणवत्ता परीक्षण सुनिश्चित करने को कहा गया। उर्वरक निरीक्षकों को लक्ष्य अनुसार नियमित निरीक्षण व सैंपलिंग के निर्देश दिए गए। उर्वरक नियंत्रण आदेश, सैंपलिंग प्रक्रिया, गुणवत्ता परीक्षण एवं प्रवर्तन कार्रवाई पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। सभी उर्वरक निरीक्षकों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया। खरीफ 2026 में दलहन, तिलहन, मोटे अनाज व अन्य वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा हुई। आरएईओ वार उच्च धान रकबा वाले गांवों व कृषकों की सूची तथा धान रकबा का मैप तैयार करने के निर्देश दिए गए। किसानों को जल संरक्षण आधारित खेती का प्रशिक्षण देने पर जोर दिया गया।

विकासखंड कांसाबेल में कम फील्ड कवरेज पर चिंता जताते हुए अधिकारियों को क्षेत्रीय भ्रमण और किसानों से सीधा संपर्क बढ़ाने को कहा गया। कृषक उन्नति योजना के तहत 11,000 प्रति एकड़ आदान सहायता के वितरण, पात्र किसानों का पंजीयन व सत्यापन समय पर करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीएम धन-धान्य कृषि योजना, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जैविक-प्राकृतिक खेती, कृषि यांत्रिकीकरण' एवं 'दलहन-तिलहन विस्तार' कार्यक्रमों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

### दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों ने जमकर मचाया उत्पात, एक दूसरे पर बरसाए डंडे

**अंबिकापुर।** शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। आलम यह है कि शहर के बीच चौक पर लोग लाठी डंडा लेकर उत्पात मचा रहे है और इसकी सूचना पुलिस को नहीं मिल पा रही है। ऐसा ही कुछ मामला बुधवार को शहर के बीच देखने को मिला। कलेक्टर कार्यालय और जिला सत्र न्यायालय के बीच ठेला गुमटी लगाने को लेकर दो पक्षों ने एक दूसरे पर जमकर लाठी डंडे बरसाए। इस दौरान आम लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। मारपीट का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज किया गया है। बता दें कि शहर के जिला कलेक्टर कार्यालय और जिला सत्र न्यायालय के बीच बड़ी संख्या में ठेला गुमटी का संचालन किया जाता है। लोग ठेला गुमटी के साथ ही जमीन पर बैठकर फल सब्जी व अन्य सामान बेचते है। हालांकि यह नो वेंडिंग जोन है जहां इस तरह से दुकान लगना मना है ।

## घर में घुसा दरिंदा, 72 साल की बुजुर्ग महिला से मारपीट कर किया रेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई है। गांव में सामाजिक कार्यक्रम से लौटकर घर पहुंची 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला के घर में देर रात एक युवक जबरन घुस गया। आरोपी ने पहले महिला से मारपीट की, फिर जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। किसी तरह बुजुर्ग महिला उसके चंगुल से छूटकर घर के बाहर निकली और शोर मचाया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसे जशपुर पुलिस ने रायगढ़ जिले से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी अनुसार घटना 9 मई की रात की है। पीड़िता गांव में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी।



■ चीख सुन भागा, रायगढ़ से गिरफ्तार

रात करीब 9 बजे वह खाना खाकर घर लौटी और सोने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान आरोपी महिमा प्रकाश मिंज उम्र 26 वर्ष जबरन घर में घुस आया। आरोप है कि उसने महिला के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल बीएनएस की धारा 64(1), 115(2) और 332(बी) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर और टेक्निकल टीम से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस को पता चला कि आरोपी रायगढ़ जिले के कापू थाना क्षेत्र स्थित अपने गृह ग्राम में छिपा हुआ है। इसके बाद डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर विशेष टीम रवाना की गई। पुलिस ने गांव में घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया और जशपुर लाकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर 13 मई को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया सांसद का जन्मदिन



**घरघोड़ा।** रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद राधेश्याम राठिया का जन्मदिन उनके निवास स्थान छर्राटांगर में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े ही धूमधाम, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल बना रहा। सांसद के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन मनाया और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद, सोनू सिदार, अजा मंडल अध्यक्ष अम्बिका सोनवानी, मंडल महामंत्री आकाश बंजारे, टिंकू स्वांकार, जयप्रकाश गुप्ता, मंडल महामंत्री विक्की साहू, रंजित कनौजिया, विजय डनसेना, विजय जायसवाल, डोले पटेल, संदीप सिंह, उत्तम लहरें भाजपा नेता बंटी महंत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। इस अवसर पर अजा मंडल अध्यक्ष अम्बिका सोनवानी ने सांसद राधेश्याम राठिया की कार्यशैली एवं जनसेवा की सराहना करते हुए कहा कि सांसद एक सरल, सहज एवं कर्मठ जनप्रतिनिधि हैं, जिन्होंने सदैव क्षेत्र के विकास एवं आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि सांसद राठिया के नेतृत्व में रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र निरंतर विकास की ओर अग्रसर है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

## रायगढ़ में प्रदूषण नियंत्रण के लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ 25 उद्योगों पर 79 लाख रुपए से अधिक की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित

जिले में वायु गुणवत्ता और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा लगातार सघन निगरानी और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। मंडल ने स्पष्ट किया है कि जिले की वायु गुणवत्ता सूचकांक से मध्यम श्रेणी के बीच स्थिर बनी हुई है। पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए इस वर्ष अब तक 25 उद्योगों पर 79 लाख रुपये से अधिक की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित की गई है।

रायगढ़ जिले में वायु गुणवत्ता की सटीक निगरानी के लिए 4 सतत परिवेशीय वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली स्थापित की गई हैं। ये केंद्र खनन प्रभावित क्षेत्रों कुंजेमुरा, मिलुपारा, तमनार, छाल, धरमजयगढ़, तथा औद्योगिक क्षेत्र पूंजीपथरा में संचालित हैं। इसके अतिरिक्त, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत रायगढ़ शहर और ओपी जिंदल औद्योगिक पार्क क्षेत्र में नियमित रूप से मैन्युअल मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

### फ्लाई ऐश परिवहन के लिए सख्त एसओपी और डिजिटल ट्रैकिंग व्यवस्था

सड़कों पर उड़ने वाली धूल एवं राखड़ की समस्या को नियंत्रित करने के लिए मंडल द्वारा विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी लागू की गई है। इसके तहत कच्चे माल और औद्योगिक उत्पादों के परिवहन के दौरान डस्ट कंट्रोल उपायों का पालन अनिवार्य किया गया है। फ्लाई ऐश के पारदर्शी और वैज्ञानिक निपटान के लिए पोर्टल का उपयोग किया जा रहा है, जिसके माध्यम से राखड़ के उठाव से लेकर अंतिम निपटान तक की प्रत्येक गतिविधि की डिजिटल निगरानी की जा रही है।

### नियम उल्लंघन पर जीरो टॉलरेंस नीति

मंडल द्वारा पर्यावरणीय मानकों के उल्लंघन के मामलों में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। जनवरी 2026 से मई 2026 तक प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने वाले 8 उद्योगों पर 3 लाख 22 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसी प्रकार फ्लाई ऐश प्रबंधन एवं परिवहन संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने वाले 17 उद्योगों पर 76 लाख 20 हजार 255 रुपए की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। इस प्रकार कुल 25 उद्योगों पर 79 लाख रुपए से अधिक की कार्रवाई की गई है।


### पर्यावरण संरक्षण के प्रति सतत प्रतिबद्धता

क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अनुसार रायगढ़ जिले में प्रदूषण स्तर में लगातार वृद्धि होने की आशंकाएं तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिले की वायु गुणवत्ता नियंत्रित और स्थिर बनी हुई है। मंडल द्वारा उद्योगों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## शहर के भीतर स्ट्रीट लाइट और केबल समेत चोरी से बचाने लगाए गए लोहे के गार्ड भी गायब

**रायगढ़।** शहर में इन दिनों कुछ अज्ञात चोर नगर निगम की स्ट्रीट लाइट व केवल को अपना निशाना बना रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि यह चोरियां पहली बार हुई हों, यह तीसरी बार है जब इस तरह की चोरियां हुई है। शहर के अलग-अलग इलाकों में हो रही इन चोरियों ने नगर निगम को परेशान कर दिया है। आलम यह है कि इन स्ट्रीट व फैंसी लाइट को चोरी होने से बचाने के लिए लोहे के गार्ड भी लगाए गए है, लेकिन चोरों उसे भी नहीं छोड़ा। फिलहाल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कराने के लिए नगर निगम आयुक्त ने एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी दे दिए हैं।

गौरतलब है कि नगर निगम प्रबंधन इन दिनों शहर के मुख्य मार्गों और चौक चौराहों में सौंदर्यीकरण का काम कर रहा है, जहां सौंदर्यीकरण का काम पूरा हो चुका है। वहां स्ट्रीट लाइट औ कुछ जगहों पर फोकस लाइट भी लगाए गए हैं, जिससे दीवारों पर बनाई गए आकृतियां लोगों को आकर्षक लगे। किंतु बीते कुछ समय से शहर के केलो पुलिया, शालिनी स्कूल मार्ग सहित चक्रपथ के समीप लगी इन



■ निगम आयुक्त ने दिया एफआईआर कराने के निर्देश

लाइटों पर अज्ञात चोर हाथ साफ कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ माह में यह तीसरी बार हो चुका है जब रात के अंधेरे में अज्ञात चोर लाइट व केवल की चोरी कर ले गए । इससे पहले भी इन इलाकों में लगे स्ट्रीट व फोकस लाइट सहित केबल की चोरी हो चुकी है। चोरी होने के बाद इसकी सुरक्षा के लिए लोहे की जालियां लगाई थी, जिससे लाइट सुरक्षित रहे, लेकिन चोरों ने इस पर हाथ साफ कर दिया। मुख्य बात यह है कि लाइट व केबल लगने के कुछ दिनों के बाद फिर से चोर वहां पहुंचते और चोरी कर लेते।

कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु, कौशल्या साय हुई शामिल

# जगन्नाथ मंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

दोकड़ा के ऐतिहासिक प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में स्थापना के प्रथम वर्षगांठ महोत्सव 2026 का शुभारंभ गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में हुआ।

तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय के साथ हजारों की संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।कलश यात्रा का शुभारंभ शिव मंदिर से हुआ, जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं ने कलश धारण किया।



**दीक्षाभंजन एवं नगर भ्रमण के साथ कार्यक्रम का समापन:** महोत्सव के अंतिम दिन पहले पूर्णाहुति, दीक्षाभंजन एवं नगर भ्रमण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन समिति ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह एवं बलराम भगत ने बताया कि यह महोत्सव क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकता को और मजबूत करने का कार्य करेगा।मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट, पारंपरिक ओडिशा शैली की झांकियों एवं धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पेयजल, बैठने एवं प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई है।क्षेत्रवासियों ने कहा कि श्री जगन्नाथ महाप्रभु की कृपा से यह आयोजन पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना एवं सामाजिक समरसता का संदेश दे रहा है। श्रद्धालुओं में महोत्सव को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### मुख्यमंत्री एवं धर्मपत्नी ने रखी थी मंदिर की नींव

मंदिर के नव निर्माण एवं भव्य स्वरूप के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय द्वारा मंदिर की नींव रखी गई थी। उनके संरक्षण एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से यह धार्मिक धरोहर आज भव्य रूप में स्थापित हो सकी है।

### आस्था और इतिहास का प्रतीक

दोकड़ा स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर आज केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि क्षेत्र की आस्था, संस्कृति और परंपरा का जीवंत केंद्र बन चुका है। मंदिर से जुड़ा इतिहास भी अत्यंत गौरवशाली और प्रेरणादायक रहा है।

## कुम्दा रोड स्थित हुए सड़क हादसे में किराना व्यापारी की मौत

**बिश्रामपुर।** कुमदा-बिश्रामपुर मार्ग पर बुधवार की सुबह हुए सड़क हादसे में शिवनंदनपुर निवासी किराना व्यवसायी कमलेश चौबे (59 वर्ष) की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार कमलेश चौबे की बस स्टैंड बिश्रामपुर में किराना एवं पान मसाला की रिटेल दुकान है।

बुधवार की सुबह वे अपने बाइक से पेमेंट रिकवरी करने कुमदा-कसकेला क्षेत्र गए हुए थे जिसे पूरा कर वापस बिश्रामपुर वापस लौट रहे थे, इसी दौरान कुम्दा रोड समीप बाबा मस्तनाथ मंदिर से लगभग एक किलोमीटर आगे पीछे से आ रही महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 29 एजी 0413 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन चालक तेज गति एवं लापरवाही से चला रहा था।तेज गति से टक्कर लगने से व्यवसाई कमलेश चौबे सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं,राहगीरों की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस एवं डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया,पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है,घटना के बाद वाहन चालक मौके से वाहन छोड़ कर भाग निकला,प्राप्त जानकारी अनुसार स्कार्पियो वाहन में सवार एक अन्य युवक को भी गंभीर चोटे आई है जिसका इलाज जारी है, स्कार्पियो वाहन कसकेला गांव की बताई जा रही है।



# वेलकम टू द जंगल से सामने आया अक्षय का फर्स्ट लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार फिर से अपने मजेदार अंदाज में वापस आ गए हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर छा गया है। इसमें अक्षय कुमार बहुत स्टाइलिश और दमदार दिख रहे हैं। निर्माताओं के अलावा अक्षय कुमार ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर 'वेलकम टू द जंगल' का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस खास पोस्टर के साथ अक्षय ने कैप्शन में लिखा, 'अगली फिल्म वेलकम टू द जंगल।' फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में 30 से अधिक अभिनेताओं की एक बड़ी स्टारकास्ट है। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

लाइफ Style

# नोरा

## स्वर्ण आभूषण पहनकर जल देवी बनी आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इनमें वे सोने के आभूषणों से सजी किसी जल देवी जैसी लग रही हैं। नोरा फतेही अपने लुक और स्टाइल के मामले में अक्सर सुर्खियां बटोरती हैं। वे सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं।

अब वे अपने हालिया पोस्ट को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस ने अपनी कुछ मनमोहक फोटोज शेयर की हैं। इन्हें देखकर लगेगा मानो कोई दिव्य जल देवी हो। खुद नोरा भी अपने इस लुक की दीवानी हो रही हैं। नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'इस लुक की दीवानी हो गई हूं। हम सोने के गहनों के जरिए एक भारतीय अंदाज वाली किसी दिव्य जल देवी जैसा रूप दिखाना चाहते थे, लेकिन साथ ही बॉडी टैटू के जरिए इसमें अमाजिग बर्बर संस्कृति का भी एक टच जोड़ना चाहते थे। दो अलग-अलग दुनियाओं के एक बेहद खूबसूरत मेल की झलक इस लुक में है'। बता दें कि अमाजिग बर्बर संस्कृति उत्तरी अफ्रीका की सबसे प्राचीन और समृद्ध संस्कृतियों में से एक है। नोरा के इस लुक में जहां सोने के पारंपरिक आभूषणों से भारतीय संस्कृति की झलक नजर आ रही है। वहीं, बर्बर संस्कृति को उन्होंने जोड़कर इसे और खूबसरत बनाया है। नोरा फतेही ने कमरबंद से लेकर गले के मल्टी लेयर हार और झुमकों के साथ-साथ मुकुट भी पहना है। उनके इस लुक पर नेटिजंस तारीफ कर रहे हैं। यूजर्स लिख रहे हैं, 'अलग-अलग कल्चर को बहुत ही खूबसूरती से दिखाया है'।



हॉलीवुड मसाला



# पीटर को मिला पाम डी ओर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** लॉर्ड ऑफ द रिंग्स ट्रिलॉजी के लिए मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक पीटर जैक्सन को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल की ओपनिंग सेरेमनी में पाम डी'ओर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पीटर जैक्सन को ये अवॉर्ड लॉर्ड ऑफ द रिंग्स के अभिनेता एलिजा वुड ने प्रदान किया। पाम डी'ओर से सम्मानित होने के साथ ही पीटर जैक्सन इससे सम्मानित हस्तियों की सूची में शामिल होंगे, जिनमें एग्नेस वर्दा, मार्को बेलोचियो, जोडी फोस्टर, मेरिल स्ट्रीप और पिछले साल के विजेता रॉबर्ट डी नीरो शामिल हैं।



# दुखद अनुभवों को यादकर आज भी सिहर उठती हैं

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अमेरिकी एक्ट्रेस और सिंगर हेडन पैनेटीयर ने हॉलीवुड को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक हालिया पॉडकास्ट में एक्ट्रेस ने उन दिनों की दर्दनाक आपबीती सुनाई है, जब वह हॉलीवुड में कॅरियर शुरू कर रही थीं। हेडन बताती हैं कि तब वह महज 18 साल की थीं। वह कुछ ऐसे दुखद अनुभवों से गुजरी हैं, जिन्हें यादकर वह आज भी सिहर उठती हैं। उन्होंने बताया कि कैसे 'इंडस्ट्री' के उनके दोस्तों ने उन्हें एक 'मशहूर आदमी' के बिस्तर तक पहुंचा दिया था। वह यह सब बताते हुए रो पड़ीं। जे शेट्टी वीडियो में हेडन से उस वाकये का जिक्र करते कहते हैं, 'जब आपकी एक दोस्त आपको एक बोटी पर ले जाती है। आपको वहां एक ऐसे कमरे में ले जाया जाता है जहां एक बुजुर्ग शख्स मौजूद होता है।



# शॉर्ट फिल्म उबाल में रोमांस करते दिखे


**मुंबई।** राजपाल यादव के पास इन दिनों काम की कमी नहीं है। वे बैक टू बैक दिलचस्प प्रोजेक्ट कर रहे हैं। इन दिनों उन्हें अक्षय कुमार की हॉरर कॉमेडी मूवी 'भूत बंगला' में देखा जाएगा। इसके बाद वे 'उबाल-एक बुझी हुई प्रेम कहानी' में नजर आएंगे। 'उबाल' एक शॉर्ट फिल्म है। इसमें राजपाल यादव रोमांस करते दिखेंगे। राजपाल यादव ने इंस्टाग्राम अकाउंट से मंगलवार को एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने 'उबाल' का एक वीडियो पोस्ट किया है। यह फिल्म 13 मई को रिलीज हो गई है। दर्शक इसे पिंक बॉम्बे यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। राजपाल यादव इसमें जिंदगी का पाठ पढ़ाते नजर आएंगें। फिल्म 'उबाल' का वीडियो काफी दिलचस्प है। इसमें दृश्यों के जरिए एक जोड़े की जिंदगी की झलक देखने को मिली है।



# एआई फिल्म वन-विदिशा का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** फिल्ममेकर राही अनिल बर्वे की पिछली फिल्म 'मायासभा' और 'मन-पिशाच' का दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब अनिल ने अपनी एक और एआई बेस्ड फिल्म 'वन-विदिशा' की झलक सोशल मीडिया के जरिए दी है। 'मन-पिशाच' की तरह ही यह फिल्म भी जीरो बजट में बनी है। बर्वे ने इस एआई फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर रिलीज किया। ट्रेलर के मुताबिक यह किसी जंगल में पनपते रहस्य की कहानी है। इसमें एक राजा है, एक अप्सरा है और एक मसखरा भी है। इन सब के साथ एक लड़की भी है जिसे दोबारा जीवित किया गया है। ट्रेलर किसी जंगल में रहने वाली लोककथा या कहानी पर आधारित लग रही है। किरदारों के कपड़ो के डिजाइन से भी ऐसा लग रहा है। पूरे ट्रेलर की बात करें तो यह फिल्म प्रकृति और लोक कथा का मेल मालूम होती है।

टीवी मसाला



# नाराज मंदाना ने भारत छोड़ा कहा- यह मुश्किल होने वाला है!

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 9' और 'लॉकअप' फेम बॉलीवुड एक्ट्रेस मंदाना करीमी ने भारत छोड़ दिया है। जी हां, एक्ट्रेस ने बेहद भावुक अंदाज में यह खबर साझा की है और बताया कि 16 साल बाद हिंदुस्तान छोड़ना उनके लिए एक कठिन फैसला है। ईरानी मूल की 37 साल की एक्ट्रेस ने भारत को अपना 'दूसरा घर' भी बताया। मंदाना करीमी ने यह बड़ा फैसला ऐसे समय में लिया है, जब बीते दिनों अमेरिका-ईरान युद्ध के दौरान वह लगातार अपनी बेबाक बयानी के कारण सुर्खियों में रही थीं। मार्च महीने में अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले के बाद मंदाना ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत का जश्न मनाया था। एक्ट्रेस ने दावा किया कि खामेनेई ने ईरान की जनता को बहुत सताया है। 'भाग जॉनी' और 'क्या कूल हैं हम 3' की एक्ट्रेस मंदाना ने अपने भारत छोड़ने की खबर, एक फैन के सवाल का जवाब देते हुए दी। मंदाना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एयरपोर्ट से एक वीडियो पोस्ट किया और कहा, 'मैंने कभी सोचा भी नहीं था और न ही मुझे यकीन था कि मैं ऐसा कह पाऊंगी, लेकिन अलविदा भारत।' एक्ट्रेस ने वीडियो में कहा, 'यह मुश्किल होने वाला है। लेकिन, भारत में लगभग 16 साल बिताने के बाद, आखिरकार... मैं अपने दूसरे घर को पीछे छोड़ रही हूं... अब एक नई शुरुआत की ओर बढ़ रही हूं। नया देश, नया घर, सब कुछ नया।' जब तक मैं बाहर नहीं निकल जाती, तब तक मैं ज्यादा जानकारी शेयर नहीं कर सकती।

## लोगों की सोच बदलनी है : रुहानिका

**नई दिल्ली।** टीवी पर कई साल तक 'छोटी रुही' के नाम से पहचानी जाने वाली रुहानिका धवन अब खुद को बिल्कुल अलग अंदाज में देखना चाहती हैं। स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 15 में हिस्सा लेने जा रहीं रुहानिका धवन ने खुलकर अपनी इमेज और लोगों की सोच पर बात की। उन्होंने कहा कि लोग आज भी उन्हें वही टीवी वाली छोटी, रोने वाली लड़की समझते हैं, लेकिन इस शो के जरिए वो ये सोच बदलना चाहती हैं। रुहानिका ने कहा कि सच कहूं तो मुझे लग रहा है कि मैं अब सच में बड़े होने वाले फेज में पहुंच रही हूं। मैंने अभी तक सिर्फ टीवी किया है, ये मेरे लिए बिल्कुल अलग दुनिया है। मैं हमेशा ऐसी चीजों की तरफ भागती हूं जो मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर निकालें क्योंकि वहीं सबसे ज्यादा बदलाव होता है। मैं सबसे ज्यादा लोगों का रिएक्शन देखने के लिए उत्साहित हूं। मुझे अपने डर से लड़ते हुए देखेंगे। शायद पहली बार मुझे उस रूप में देखेंगे, जो जोखिम लेने से नहीं डरता।



# आलिया भारत पावेलियन के उद्घाटन पर पहुंचीं, साथ दिखे आशुतोष

**पेरिस।** 12 मई से 79वें कान फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हुई है। आलिया भट्ट भी वहां पहुंची हैं और अपने लुक से लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। उनका एक और लुक सामने आया है। वे भारत पवेलियन के उद्घाटन इवेंट पहुंचीं। इस दौरान उनके साथ एक्टर-डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर भी दिखे। आलिया भट्ट ने आइवरी साड़ी में इवेंट में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। आलिया भट्ट कान फिल्म फेस्टिवल में अपने हर लुक में भारतीय संस्कृति का टच देने की कोशिश कर रही हैं। बीते दिन पीच कलर के गाउन के साथ उन्होंने दुपट्टा कैरी किया। वहीं, आज उन्होंने साड़ी पहनी है। इसके साथ माथे पर छोटी सी मैचिंग बिंदी ने उनके लुक को निखार दिया है। वहीं, हाथों में हाथफूल भी अलग ही दमक रहे हैं। आलिया भट्ट ने साड़ी के साथ बहुत तड़क-भड़क वाला मेकअप नहीं किया है। न ही हैवी ज्वैलरी पहनी है। मगर, उनका यह सिंपल लुक देसी छाप छोड़ रहा है। नोज रिंग उन्हें क्वीन वाइब दे रही है। ब्लाउज के डिजाइन ने थोड़ा मॉडर्न टच दिया है। यह पारंपरिक ब्लाउज के बजाय कोटीनुमा ब्लाउज है। आलिया भट्ट भारत पवेलियन पहुंचीं और उन्होंने आशुतोष गोवारिकर के साथ मिलकर 57वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का पोस्टर और उसका क्रिएटिव विजन लॉन्च किया। आलिया एक विंटेज-स्टाइल छतरी थामे हुए पवेलियन की ओर बढ़ीं। उनके इस लुक में पुराने जमाने का आकर्षण साफ दिखा।



# फेयरी लुक में उर्वशी ने बिखेरा जादू...

**पेरिस।** कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस इन दिनों कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत कर रही हैं। पहले दिन आलिया भट्ट के अलावा उर्वशी रौतेला भी इस इवेंट में पहुंचीं। इस अभिनेत्री का लुक भी खूब चर्चा में बना रहा। उर्वशी रौतेला अपने फैशन सेंस, स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। मंगलवार को वह भी कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आईं। उनका लुक, स्टाइल सोशल मीडिया पर छा गया। उर्वशी का लुक फेयरी (परी) इंस्पायर्ड था। उनका ज्वेलरी और मेकअप लुक भी काफी हटकर नजर आया। उर्वशी ने इस खास इवेंट के लिए फेयरी (परी) इंस्पायर लुक चुना है। सिल्वर गाउन लुक में वह दमकती नजर आईं। यह गाउन पूरी तरह से बॉडी फिटेड था। उर्वशी ने ज्वेलरी भी ड्रेस से मैचिंग पहनी थी। हाथ में एक यूनीक स्टाइल का पर्स भी नजर आया। हेयर एसेसरीज के तौर पर भी क्राउन स्टाइल ज्वेलरी उर्वशी ने कैरी की थी। उर्वशी ने अपना आईमेकअप भी सिल्वर टोन में रखा था। हेयरस्टाइल में हाई बन बनाया हुआ था। जिससे उनका लुक पूरी तरह से परफेक्ट नजर आ रहा था। उर्वशी रौतेला के करियर फ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' में नजर आएंगी।



## कान से कल्याणी की पहली झलक आई सामने

लोका चैप्टर 1 की अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में पहुंच चुकी हैं। फिल्म 'लोका' में अपने अभिनय से अखिल भारतीय स्तर पर पहचान हासिल करने वाली मलयालम अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में पहुंच चुकी हैं। वह जल्द ही कान के रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरेंगी। अभिनेत्री ने फ्रेंच रिवेरा पहुंचने के बाद कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। हालांकि, वह अभी तक फेस्टिवल में नहीं पहुंची हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह 14 मई को फेस्टिवल में शामिल होंगी। निर्देशक प्रियदर्शन की बेटी कल्याणी की कान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई हैं। इस दौरान कल्याणी ने पीले रंग के स्टाइलिश टॉप के साथ व्हाइट फ्रंट कट रंग की स्कर्ट कैरी की है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। कल्याणी ने अपने लुक के अलावा कान से फ्रेंच रिवेरा के आसपास की कई शानदार तस्वीरें भी शेयर की हैं।



## आखिरी सांस तक रुकने नहीं दिया था अपनी कलम को

# कफन की जगह ओढ़े थे अखबार, अब्बास का ऐसा था अंतिम सफर

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन को हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का शहंशाह बनाने वाले फिल्ममेकर का नाम ख्वाजा अहमद अब्बास था। ख्वाजा एक लेखक, निर्देशक और पत्रकार थे। उन्होंने न केवल अमिताभ बच्चन जैसे महानायक को पर्दे पर उतारा था, बल्कि आखिरी सांस तक अपनी कलम को रुकने नहीं दिया था।*



### बिग बी के 'मामू जान ख्वाजा'

आज जिसे दुनिया सदी का महानायक कहती है, उस अमिताभ बच्चन को फिल्म इंडस्ट्री में पहला ब्रेक ख्वाजा अहमद अब्बास ने दिया था। जब वह 'सात हिंदुस्तानी' लिख रहे थे तब उनकी नजर अमिताभ के फोटो पर पड़ी थी। उन्होंने अमिताभ को मिलने बुलाया था। जब उन्हें पता चला कि अमिताभ, डॉक्टर हरिवंशराय बच्चन के बेटे हैं तो उन्होंने उन्हें खत लिखा था और उनकी अनुमति मांगी थी। डॉ. हरिवंशराय बच्चन की परमिशन मिलने के बाद उन्होंने अमिताभ को 5,000 रुपए में साइन किया था।

### रोंगटे खड़े कर देने वाली अंतिम इच्छा

ख्वाजा अहमद अब्बास का पत्रकारिता और अखबारों से ऐसा रिश्ता था कि मौत भी उन्हें उसे अलग नहीं कर पाई थी। दरअसल, ख्वाजा अहमद अब्बास ने अपनी वसीयत में लिखा था कि जब उनकी मृत्यु हो, तो उनके पार्थिव शरीर को कफन की जगह उनके लिखे हुए लेखों और न्यूजपेपर्स (अखबारों) से ढंका जाए। वह चाहते थे कि जिस पेशे ने उन्हें पहचान दी, वही उनके अंतिम सफर का साथी बने। उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए, उनके सीने पर अखबारों की प्रतियां रखी गई थीं।

### राज कपूर और अब्बास की जोड़ी

सिनेमा की दुनिया में राज कपूर की सफलता के पीछे भी ख्वाजा अहमद अब्बास का हाथ था। उन्होंने राज कपूर के लिए आवारा, श्री 420 और बॉबी जैसी फिल्में लिखी थी। आवारा की कहानी ने न केवल भारत, बल्कि रूस में भी धमाका कर दिया था।

### न बंगला, न गाड़ी

इतनी बड़ी फिल्मों का हिस्सा रहने के बावजूद ख्वाजा अहमद अब्बास ने बेहद साधारण जीवन जिया था। उनके पास न अपनी गाड़ी थी और न ही कोई आलीशान बंगला। वह बस की यात्रा करते थे और अपना सारा ध्यान समाज की कड़वी सच्चाई को कागज और पर्दे पर उतारने में लगाते थे।

### पैरालाइज होने के बाद भी नहीं रुकी कलम

ख्वाजा अहमद अब्बास को अपने काम से बहुत प्यार था। जब उनके शरीर के एक हिस्से ने काम करना बंद कर दिया था और वह पैरालाइज हो गए थे, तब भी उन्होंने लिखना नहीं छोड़ा था। वह बोलकर अपने लेख लिखवाया करते थे। उन्होंने बॉम्बे क्रॉनिकल और फिर ब्लिट्ज' मैग्जीन में अपना मशहूर कॉलम 'लास्ट पेज' लगातार 40 सालों तक लिखा था।

## खबर संक्षेप



### चक्रधर सा की पुत्री के विवाह में शामिल हुए पूर्व मंत्री

**पुसौर।** ग्राम बोंदा में आयोजित एक विवाह कार्यक्रम में पूर्व मंत्री उमेश पटेल अपने टीम के साथ शामिल हुए और आशीर्वाद दिया। ज्ञात हो कि उक्त विवाह वरिष्ठ कांग्रेसी चक्रधर सा के सुपुत्री गीता सा का रहा जिसमें पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, ब्लाक अध्यक्ष नरेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, खीरसागर पाईक, जीतेन्द्र गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बताया जाता है कि खरसिया विधान सभा क्षेत्र के किसी के भी परिवार में कोई उत्सव अथवा अप्रिय घटनाए होती है तो उसके यहां पहुंचने का रिवाज नंदेली हाउस दशकों से पहुंच रहा है और वहां के आवश्यकता को देखते हुए यथोचित सहयोग भी करता रहा है। जमीन से जुड़े हुए नेता कहने से एक निर्विवाद छवि स्व. नंद कुमार पटेल का नाम आता है जिनके पद चिन्हों पर पूर्व मंत्री व विधायक उमेश पटेल सहर्ष चलते आ रहे हैं।

### कसेरा भवन में जन समस्या निवारण शिविर

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर द्वारा जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन नगर के अलग अलग वार्डो में किया जा रहा है। बीते बुधवार को पुसौर के बाजार रोड में स्थित कसेरा भवन में कई वार्डो का एक साथ यह शिविर का आयोजन हुआ। उक्त शिविर में नगरीय अमला के बीच कनिष्ठ अभियंता एसके दुबे भी पहुंचे जो विद्युत विभाग से जुड़े आवेदनों को एकत्र कर रहे थे। उक्त शिविर में अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व नगर उपाध्यक्ष मोहित सतपथी, नोडल अधिकारी संदीप पटेल, पीएम आवास के कर्मचारी सहित अन्य नगर पंचायत के स्टाफ मौजुद रहे। शिविर में मूलतः पीएम आवास, वृद्धा पेंशन तथा कुछ राजस्व से जुडे आवेदन प्रस्तुत हुए। शिविर को लेकर मोहित सतपथी ने कहा कि व्यस्ततावश जो शिविर में नहीं आ पाए हैं वो नगर पंचायत कार्यालय में भी अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नोडल अधिकारी के मुताबिक उक्त शिविर में 30 आवेदन प्राप्त हुए।

## निधन...

### रामप्रसाद यादव

**चंद्रपुर।** मां चंद्रहासिनी देवी मंदिर



ट्रस्ट के संस्थापक न्यासी नीलमणी यादव गोलू के पूज्य पिताश्री रामप्रसाद यादव का देर रात अस्पताल में उपचार के दौरान 12 मई निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे एवं चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी था। उनके निधन के समाचार से चंद्रपुर क्षेत्र सहित समस्त शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त है। स्व. रामप्रसाद यादव अत्यंत सरल, शांत एवं उदार व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने जीवन में सदैव मानवीय मूल्यों, पारिवारिक संस्कारों एवं समाज सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया। उनका व्यवहार सभी लोगों के प्रति स्नेहपूर्ण एवं आत्मीयता से भरा रहता था।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरिया जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र........बी-121/2025-26
ग्राम पंचधार, प.ह.न. 11, तहसील सरिया जिला सारंगढ बिलाईगढ (छ.ग.).

**उदघोषणा**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है इस न्यायालय में आवेदक साधु पटेल पिता आनंद पटेल जाति माली निवासी ग्राम पंचधार तहसील सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक के माता शीला पटेल की मृत्यु दिनांक 22.02.2025 शब्दों में बाईस फरवरी सन दो हजार पच्चीस को ग्राम पंचधार में हुआ है। मृत्यु पंजीकरण के नियमों से अनभिज्ञ रहने के कारण आवेदक मृत्यु की सूचना नही दे पाया फलस्वरुप मृत्यु पंजीयन दर्ज नही होने से दर्ज किए जाने बाबत आवेदन, शपथ पत्र, अनुपलब्धता एवं चालान को संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 28.05.2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 14.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सरिया**

### अपेक्स बैंक के पास सड़क पर धराशायी हुआ बड़ा पेड़

# आंधी-तूफान ने मचाई तबाही, सड़कों पर गिरे पेड़, आवाजाही में हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

बुधवार की शाम बरमकेला क्षेत्र में मौसम ने अचानक ऐसा करवट बदला कि कुछ ही मिनटों में पूरा इलाका तेज आंधी, तूफान और मूसलाधार बारिश की चपेट में आ गया। दिनभर मौसम सामान्य बना हुआ था और लोगों को बारिश की कोई खास संभावना नजर नहीं आ रही थी। शाम करीब 5 बजे तक आसमान साफ था और बाजारों में सामान्य चहल पहल बनी हुई थी, लेकिन शाम लगभग 5.30 बजे अचानक तेज हवाएं चलनी शुरू हो गईं। देखते ही देखते आसमान में काले बादल छा गए और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई।

आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई स्थानों पर पेड़ और बड़ी बड़ी डालियां टूटकर सड़क पर गिर गईं। बरमकेला के सारंगढ़ मेन रोड स्थित अपेक्स बैंक के पास एक विशाल पेड़ अचानक सड़क पर धराशायी हो गया। पेड़ गिरने से सड़क का बड़ा हिस्सा बाधित हो



सड़क पर गिरा पेड़।

गया और कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित होने लगा। छोटी गाड़ियां और दोपहिया वाहन चालक किसी तरह सावधानीपूर्वक निकलते रहे, लेकिन बड़ी वाहनों को सड़क पार करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने मिलकर रास्ता साफ करने की कोशिश भी कीए ताकि यातायात पूरी तरह बंद न हो। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज तूफान के कारण कुछ देर के लिए लोगों में अफरा तफरी की स्थिति बन गई थी। कई लोग दुकानों और घरों में छिपकर मौसम शांत होने का इंतजार करते रहे। तेज हवाओं के कारण जगह जगह पेड़ों की डालियां टूटकर बिखर गईं। बारिश इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में सड़क किनारे पानी भर गया और कई जगह कीचड़ की स्थिति बन गई। जानकारी के मुताबिक बरमकेला से सारंगढ़ तक करीब 4 से 5 छोटे बड़े पेड़ मुख्य सड़क पर गिरे पाए गए। कई स्थानों पर पेड़ बिजली तारों के बेहद करीब गिरने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रही। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस पूरे घटनाक्रम में किसी प्रकार की जनहानि की खबर सामने नहीं आई है। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक मौसम खराब होने के कारण खेतों और बाजारों में मौजूद लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। कुछ दोपहिया वाहन चालक पेड़ों के नीचे फंसने से बाल.बाल बचे। तेज हवा के कारण कई जगह टीन शेड और कमजोर ढांचे भी हिलते दिखाई दिए। वहीं मौसम में अचानक आए बदलाव के बाद क्षेत्र में तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भी तेज हवा और बारिश की संभावना जताई गई है, जिसके चलते लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

# ओपीजे स्कूल सावित्रीनगर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा बारहवीं की परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोशित किया गया। इस परीक्षा में ओपी जिंदल स्कूल सावित्रीनगर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा बारहवीं में 76 विद्यार्थी थे, सभी पास हो गए हैं। कामर्स संकाय की अनामिका बेहरा स्कूल की टापर रहीं, उन्हें 96 दशमलव 6 प्रतिशत अंक मिले। अंग्रेजी में अनामिका ने 100 में 99 अंक हासिल किए।

सावित्रीनगर में संचालित ओपी जिंदल स्कूल के प्राचार्य राकेश शर्मा ने बताया कि पिछले शैक्षणिक सत्र में कक्षा बारहवीं में स्कूल में





76 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिलाई थी। इनमें से विभिन्न संकायों के 12 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासित तैयारी तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास को लेकर स्कूल में अध्ययन कराया जाता है, यही वजह है कि 12 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक मिले हैं, 57 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है।

**कामर्स में अनामिका विज्ञान में लक्ष्मीनारायण टापर**

ओपी जिंदल स्कूल के कामर्स संकाय की छात्रा अनामिका बेहरा टापर रही, उन्होंने ओवर आल 96 दशमलव 6 प्रतिशत अंक हासिल किया वही महक अग्रवाल को 95 दशमलव 8 प्रतिशत, नमन तायल को 94 दशमलव 5 अंक मिले। विज्ञान संकाय के छात्र लक्ष्मीनारायण पटेल को 93 प्रतिशत अंक मिले। नमिता बेहरा ने अंग्रेजी में 100 में 100 अंक हासिल किए वहीं कंप्यूटर साइंस में लक्ष्मीनारायण पटेल को 100 अंक मिले इंफार्मेटिक्स प्रैक्टिसेज में मयंक चौधरी को 99 अंक मिले।

### तराईमाल के विद्यार्थियों का भी प्रदर्शन शानदार

ओपी जिंदल विद्यालय एनएसपीएल तराईमाल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 12वीं एआईएसएससीई की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। जारी परिणामों के अनुसार, विद्यार्थियों ने शानदार अंकों के साथ सफलता प्राप्त की है। श्रेया प्रधान ने 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनके साथ ही स्नेहारानी पलई ने 95 प्रतिशत और पारसमणि ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर शीर्ष स्थन बनाए रखा। विद्यालय के अन्य





होनहार सितारे जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्षन किया। सागर पटेल 89.2 प्रतिशत अभय कुमार नामदेव- 89 प्रतिशत हिमांशु पटेल- 87.8 प्रतिशत, डिम्पल यादव- 87.4 प्रतिशत, आर्दश कुशवाहा- 86.6 प्रतिशत, दिव्यांशी दास- 86.2 प्रतिशत संस्कृति सिंह- 85.6 प्रतिशत, श्रेया प्रधान ने अंग्रेजी में 93 बिजनेस स्टडीज 97, इकोनामिक्स 97, फिजिकल एजुकेशन 96, फाइन आर्ट्स 92 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। हिमांशु पटेल में पूरे 100 अंक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

# प्रशासन का मुंह ताकने के बजाय चंदा कर किया तालाब गहरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम टिनमिनी के चौहान मोहल्ला में स्थित छप्पर ढोढ़ा तालाब का आपसी चंदा के जरिए गहरीकरण करने की पहल की गई है। जिसका भूमि पूजन पूर्व जिला पंचायत सदस्य आकाश मिश्रा द्वारा किया गया।

जानकारी के मुताबिक उक्त तालाब से मोहल्ले के लगभग 70-80 परिवारों का निस्तार चलता है। उक्त तालाब को मोहल्ले के लोग ही लगभग 30 वर्ष पूर्व श्रमदान से निर्माण किया था। मोहल्ले वासियों के अनुसार उक्त तालाब के गहरीकरण के लिए मांग रखी गई थी। जिसकी स्वीकृति नहीं मिलने की वजह से आपसी चंदा करके तालाब गहरीकरण किया जा रहा है। भूमि पूजन के दौरान आकाश मिश्रा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार



होने के बावजूद गहरीकरण के लिए गरीबों को स्वयं चंदा इकट्ठा करना पड़ रहा है जो शासन की घोर उपेक्षा की श्रेणी में आता है। उक्त तालाब को लेकर स्थानीय सरपंच कुंती शक्राजीत गुप्ता ने बताया कि मेरे पूर्व कार्यकाल में उक्त तालाब में एक पचरी का निर्माण कराया गया है। वर्तमान में मनरेगा के तहत इसका गहरीकरण होना था , लेकिन मोहल्लेवासियों ने सहमति नहीं दी। मनरेगा मजदूरी मूलक कार्य होता है। उन्होंने बताया कि उक्त तालाब के पास एक शासकीय बोर है जिसका पानी इसमें डाला जाता रहा है ताकि जल स्तर बना रहे।

# चिलचिलाती धूप में बेसहारा गौमाता कागजों में सिमट गए गौधाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुड़ेकेला

कभी गौठान के नाम पर सियासत गरमाई थी तो अब गौधाम और कॉरिडोर के वादों ने गौवंश को सड़कों पर मरने के लिए छोड़ दिया है। 45 डिग्री के पार जाते पारा और आसमान से बरसती आग के बीच जिले की सड़कों पर भटकते सैकड़ों गौवंश इस बात का प्रमाण हैं कि सरकारें बदलीं योजनाएं बदलीं लेकिन इन बेजुबानों की तकदीर नहीं बदली।

पिछली सरकार 2018-23 के दौरान जिले के 500 से अधिक ग्राम पंचायतों में गौठानों का जाल बिछाया गया था। गोबर खरीदी से लेकर वर्मी कंपोस्ट बनाने तक महिला समूहों के चेहरे पर जो मुस्कान थी वह सत्ता परिवर्तन के ढाई साल बाद अब पूरी तरह गायब हो चुकी है। भाजपा सरकार के आते



ही गौठान योजना ठंडे बस्ते में डाल दी गई और वादा किया गया जंगल कॉरिडोर का। दावा था कि जंगलों को घेरकर गौवंश के लिए प्राकृतिक आशियाना बनेगा जहाँ उनके लिए चारा और पानी की व्यवस्था होगी, लेकिन हकीकत यह है कि यह कॉरिडोर आज तक फाइलों से बाहर नहीं निकल पाया। आंकड़ों का खेल 550 पंचायतों के बीच महज एक गौधाम भौगोलिक दृष्टि से विशाल रायगढ़ जिला जिसमें 10 तहसीलें 951 राजस्व ग्राम और 550 ग्राम पंचायतें आती हैं वहां वर्तमान सरकार की गौधाम योजना महज एक मजाक बनकर रह गई है। दावा किया गया था कि जिले भर के घुमंतू गौवंश को आश्रय देना।

हकीकत जिले में वर्तमान में महज एक गौधाम कागजों पर सक्रिय बताया जा रहा है। आरोप है कि प्रशासन ने पुराने गौठानों पर ही गौधाम की मुहर लगाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। बाकी 500 से अधिक पंचायतों में बने गौठान आज खंडहर में तब्दील हो रहे हैं। सूरज की तपिश से जब इंसान का घर से निकलना मुहाल है तब ये बेबस गौवंश डामर की जलती सड़कों पर आशियाने की तलाश में भटक रहे हैं। न पीने को पानी है न पेट भरने को चारा। पूर्ववर्ती सरकार की योजना को भ्रष्टाचार बताकर बंद करने वाली वर्तमान सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था के नाम पर सिर्फ चुनावी जुमले परोसे हैं। सत्ता के गलियारों में बैठे हुक्मरानों को शायद इन बेजुबानों की आह सुनाई नहीं दे रही। गौ सेवा के नाम पर वोट बटोरने वाली राजनीति आज गौवंश को चिलचिलाती धूप में तपने के लिए छोड़ चुकी है।

# उचित जगह पर ट्रांसफार्मर लगाने की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सरसींवा।** नवपदस्थ कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू से बुधवार को सरसींवा पत्रकार संघ ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान सरसींवा में लगाए जा रहे ट्रांसफार्मर को उचित जगह लगाने की मांग की। कलेक्टर ने आश्वासन दिया है।

पत्रकार संघ ने अपने मनीष अग्रवाल की ओर से कलेक्टर के समक्ष प्रमुखता से रखा। संघ ने बताया कि सरसींवा निवासी मनीष अग्रवाल की दुकान कुछ वर्ष पूर्व आगजनी में पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। उस हादसे में पूरी दुकान जल गई थी। अब ट्रांसफार्मर को लेकर परेशानी बढ़ने लगी है।



मामला सराईपाली मार्ग स्थित खसरा नंबर 731 के सामने प्रस्तावित ट्रांसफार्मर स्थापना का है। आरोप है कि संबंधित स्थल पर बिना सहमति दबाव पूर्वक ट्रांसफार्मर लगाए जाने की प्रक्रिया चल रही है, जबकि उसी मार्ग में अन्य उपयुक्त और निर्विवाद स्थान उपलब्ध हैं। संघ ने प्रशासन को अवगत कराया कि प्रस्तावित स्थल के समीप एक गरीब ब्राह्मण महिला अपने मानसिक रूप से विक्षिप्त पुत्र के साथ निवास करती है। ऐसे में उच्च वोल्टेज ट्रांसफार्मर की स्थापना भविष्य में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। पूरे मामले को गंभीरता से सुनते हुए कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित विभाग को स्थल परीक्षण कर उचित एवं सुरक्षित वैकल्पिक स्थान पर ट्रांसफार्मर स्थानांतरित करने आवश्यक दिशानिर्देश देने का आश्वासन दिया।

# कुष्ठ मुक्त जिले की ओर बढ़ते कदम वॉलंटियर्स को दी गई ट्रेनिंग

**बिलाईगढ़।** जिला सारंगढ बिलाईगढ़ में कुष्ठ रोग लेप्रोसी के पूर्ण उन्मूलन और रोकथाम को प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। कलेक्टर पदमिनी भोई साहू के विशेष दिशा निर्देशों के पालन में आज स्वास्थ्य विभाग एवं मिशन ट्रांसमिशन फ्री के संयुक्त तत्वावधान में 13 मई को एक दिवसीय जिला स्तरीय वॉलंटियर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव ने स्पष्ट किया कि कुष्ठ रोग अब कोई लाइलाज बीमारी नहीं है। उन्होंने कहा कुष्ठ रोग पूर्णतः उपचार योग्य है। सबसे बड़ी चुनौती



बीमारी नहीं, बल्कि इसके प्रति समाज में फैली भ्रांतियां और जागरूकता की कमी है। हमारे प्रशिक्षित वॉलंटियर्स गांव गांव जाकर न केवल संदिग्ध मरीजों की पहचान करेंगेए बल्कि उन्हें मुख्यधारा के उपचार से जोड़कर समाज की सोच बदलने का कार्य भी करेंगे।

**सीख एवं रोमांच से परिपूर्ण रहा शैक्षणिक यात्रा**

# ओपी जिंदल स्कूल के छात्र-छात्राएं पहुंचे संसद भवन

**रायगढ़।** ओपी जिंदल विद्यालय द्वारा अनुभवात्मक शिक्षण एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास के उद्देश्य से कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह यात्रा 06 मई को प्रातः 3 बजे रायगढ़ से प्रारम्भ हुई, जिसमें 51 विद्यार्थी 22 छात्र एवं 29 छात्राएँ तथा 6 शिक्षक साथ रहे।

दल 07 मई को दिल्ली पहुँचाए जहाँ विद्यार्थियों ने लाल किला, संसद भवन तथा गुरुद्वारा बंगला साहिब का भ्रमण किया और देश की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। इसके पश्चात 08 मई को विद्यार्थी कसोल पहुँचे, जहाँ नदी किनारे स्थित कैम्प में ठहराव किया तथा मणिकरण साहिब गुरुद्वारा के दर्शन एवं स्थानीय भ्रमण कराया गया। 09 मई को दल मनाली के लिए रवाना हुआ तथा कुल्लू में विद्यार्थियों ने रिवर राफ्टिंग गतिविधि का आनंद लिया। अगले दिन विद्यार्थियों ने सोलंग घाटी का भ्रमण अटल सुरंग रोहतांग मार्ग से






कियाए जहाँ उन्होंने ज़िप.लाइनिंग सहित विभिन्न साहसिक गतिविधियों में भाग लिया एवं हिम क्षेत्र का आनंद लिया। 11 मई को विद्यार्थियों ने हिडिम्बा देवी मंदिर के दर्शन किए तथा इसके पश्चात दिल्ली के लिए प्रस्थान किया। 12 मई को दल दिल्ली पहुँचा और दोपहर में रायगढ़ के लिए वापसी यात्रा आरम्भ की। इस सफल भ्रमण के दौरान उत्कृष्ट सहयोग हेतु ओपी जिंदल विद्यालय सभी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है। विशेष रूप से अभिभावकों का धन्यवाद, जिन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन साथ न देने में सहयोग किया। इससे विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता, आपसी संवाद, अनुशासन एवं प्रत्येक गतिविधि में पूर्ण संलग्नता सुनिश्चित हुई। आरके त्रिवेदी प्राचार्य के सतत मार्गदर्शन, निरंतर संवाद एवं यात्रा के दौरान नियमित अनुश्रवण से यह भ्रमण सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह शैक्षणिक यात्रा विद्यार्थियों के लिए केवल मनोरंजन का अवसर नहीं रही, बल्कि जिम्मेदारी, टीमवर्क, आत्मनिर्भरता, अनुशासन तथा कक्षा के बाहर वास्तविक जीवन से सीखने का महत्वपूर्ण अनुभव भी सिद्ध हुई।

# बेनकाब हुई कांग्रेस, सट्टा सरगना करन का आकाओं के साथ फोटो

**रायगढ़।** ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा सिंडिकेट के सरगना करन चौधरी की गिरफ्तारी पर सुबह से भाजपा को बदनाम करने का षड्यंत्र रच रही कांग्रेस का चेहरा बेनकाब हो गया है।

आरोपी की तस्वीर कांग्रेस में उप मुख्यमंत्री रहे किंगमेकर टीएस सिंहदेव और मंत्री जयसिंह अग्रवाल के साथ सामने आते ही कांग्रेस बिल में घुस गई है। जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने तीखा हमला बोलते हुए कहा भूपेश बघेल फोटो फोटो खेलना बंद करो। अब जवाब दो कि 5 साल तक करन चौधरी को किसने पाला पोसा महादेव ऐप के बाद अब रायगढ़ का सट्टा सिंडिकेट भी कांग्रेस की गोद में खेलता मिला है। भाजपा की ओर से भूपेश बघेल से जवाब मांगते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष दीवान ने कहा यदि फोटो ही सबूत है तो अब



आप टी एस सिंहदेव की तस्वीर सामने आने पर आप क्या बोलोगे। सुबह तक वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ सार्वजनिक कार्यक्रम की फोटो दिखाकर संरक्षण चिल्लाने वाली कांग्रेस अब टीएस सिंहदेव के साथ आरोपी की मुस्कुराती तस्वीर पर मुंह में दही जमा कर बैठी है। हिम्मत है तो अपने उप मुख्यमंत्री पर भी वही आरोप लगाओ। कांग्रेस सरकार रहते 5 साल तक करन चौधरी पर कार्रवाई क्यों नहीं की। इसका जवाब जनता चाहती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
27 मई, 10 जून, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त